# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

**(Accredited Grade A+ by NAAC)**

पत्रांकः COE/019/2025 दिनांकः 16-01-2025

सेवा में,

समस्त निदेशक/विभागाध्यक्ष,
आवासीय परिसर के समस्त संस्थान,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

**विषयः–** **आवासीय संस्थानों/विभागों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के सेमेस्टर परीक्षा उपरांत बाह्य परीक्षकों द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपलोड कराने हेतु बाह्य परीक्षाकों का डाटा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

विश्वविद्यालय के आवासीय संस्थानों/विभागों की विषम सेमिस्टर की परीक्षाऐं समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है तथा अधिकांश संस्थानों/विभागों की परीक्षाऐं लगभग सम्पन्न हो चुकी है। इस संदर्भ में अवगत कराना है कि जिन संस्थानों/विभागों की परीक्षाऐं सम्पन्न हो चुकी है उन संस्थानों/विभागों के आन्तरिक अंक समर्थ पोर्टल के माध्यम से संस्थान/विभाग के एडमिन लॉगिन के द्वारा सम्बन्धित शिक्षकों द्वारा अंक अपलोड किये जाने हेतु सभी आवासीय संस्थानों/विभागों को पत्र प्रेषित किया जा चुका है **(संलग्न–1)** तथा इनके द्वारा परीक्षा समाप्ति उपरांत संस्थान/विभाग द्वारा समर्थ पोर्टल पर आन्तरिक परीक्षकों/सम्बन्धित विषय के शिक्षकों द्वारा आन्तरिक परीक्षा के अंक अपलोड किये जा रहे है।

इस संदर्भ में यह भी सूचित कराना है कि प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु बाह्य परीक्षकों के नाम भी संस्थानवार/विभागवार समर्थ पोर्टल पर अपलोड किये जाने है, उक्त क्रम में अनुरोध है कि आवासीय परिसर के संस्थानों/विभागों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में होने वाले प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु बाह्य परीक्षकों के नाम की सूची समर्थ कार्यालय, आई0ई0टी0, स्वामी विवेकानन्द परिसर, खंदारी में शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे समर्थ पोर्टल पर बाह्य परीक्षकों के नाम अपलोड कराकर परीक्षा परिणाम समयान्तर्गत घोषित कराये जा सके।

संलग्नकः–यथोक्त।

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सहायक नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. एजेन्सी 2024 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करते हुए उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

**परीक्षा नियंत्रक**

# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पंत्राकः-समर्थ/04/2025 दिनांकः-02.01.2025

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष/निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी,
समस्त आवासीय संस्थान/विभाग,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

**विषयः- आवासीय संस्थानों/विभागों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के सेमेस्टर परीक्षा उपरांत आन्तरिक अंक समर्थ पोर्टल के माध्यम से अंकित करने हेतु संस्थान/विभाग से सम्बन्धित विषयों के शिक्षकों का डाटा अपलोड करने के सम्बन्ध में।**


महोदय,

जैसा कि आप अवगत ही है कि विश्वविद्यालय के आवासीय संस्थानों/विभागों की विषम सेमिस्टर की परीक्षाऐं समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है तथा अधिकांश संस्थानों/विभागों की परीक्षाऐं लगभग समाप्त हो चुकी है। इस संदर्भ में आपको अवगत कराना है कि जिन संस्थानों/विभागों की परीक्षाऐं सम्पन्न हो चुकी है उन संस्थानों/विभागों के आन्तरिक अंक समर्थ पोर्टल के माध्यम से संस्थान/विभाग के एडमिन लॉगिन के द्वारा सम्बन्धित शिक्षकों द्वारा अंक अपलोड किये जाने है जिससे परीक्षाफल समयान्तर्गत घोषित किया जा सके।


उपरोक्त के संदर्भ में आपसे अनुरोध है कि अपने एडमिन लॉगिन आई0डी0 से Component (Paper wise) आन्तरिक परीक्षक का नाम पोर्टल में अंकित करने की प्रक्रिया को आरम्भ करने का कष्ट करे तथा Internal Exmainer अपलोड करने के बाद ही सम्बन्धित संस्थान/विभाग आन्तरिक अंक अपलोड कर सकता है।

इस सम्बन्ध में निम्नलिखित चरणों के आधार पर समर्थ पोर्टल पर आन्तरिक परीक्षक का नाम अपलोड किया जा सकता है।


## Step-1




## Step-2





## Step-3





## Step-4



## Step-5




## Step-6




सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित।

(प्रो0 मनु प्रताप सिंह)
सहायक नोडल अधिकारी
समर्थ पोर्टल
03/01/2025

प्रतिलिपिः-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।

सहायक नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल